प्रेस विज्ञाप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–22.09.2023 (सं0–415)

सीतामढी भारत नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से सुडान का एक नागरिक गिरफ्तार।

- दिनांक 21.09.2023 को सीतामढ़ी जिला के सोनवर्षा थानान्तर्गत भारत–नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर सोनवर्षा चेक पोस्ट पर पिलर नम्बर 323/13 के पास से एस.एस.बी. के द्वारा एक सन्दिग्ध व्यक्ति को भारत में प्रवेश करते हुए पकड़ा गया। उससे पूछ ताछ किये जाने पर उसने बताया कि उसका नाम नासिर बुरॉय मुसा अब्बास, पिता बुरॉय मुसा अब्बास है। वह सुडान का नागरिक है। बहरी (खारतुम) सुडान का निवासी है।

- उसके पास से सुडानी पासपोर्ट, एक ट्रैवल डाक्यूमेन्ट जो यू.एस.ए. से निर्गत था, जिसकी अवधि समाप्त है तथा मोबाइल फोन बरामद किया गया है। नासिर के द्वारा भारतीय वीजा नहीं प्रस्तुत किया जा सका।

- बिना भारतीय वीजा के भारत में अनाधिकृत रूप से प्रवेश करने पर नासिर बुरॉय मुसा अब्बास को एस.एस.बी. के द्वारा सोनवर्षा थाना को सौंप दिया गया।

- बिना वीजा भारतीय सीमा में प्रवेश करने के अपराध पर सोनवर्षा थाना काण्ड संख्या 293/23, दिनांक 21.09.2023, धारा 420 भा0द0वि0, 14 फॉरेनर एक्ट 1946 तथा 12 पासपोर्ट एक्ट 1967 अंकित कर माननीय न्यायलय अग्रसारित किया जा रहा है।

- वर्ष 2023 में उसके द्वारा कई अन्तर्राष्ट्रीय यात्रा की गयी। फरवरी 2023 में वो यू.ए.ई. तथा मई 2023 में केन्या गया। एक माह पूर्व वह टूरिस्ट वीजा पर नेपाल आया था जिसकी अवधि 02 जुलाई 2023 को समाप्त हो चुकी थी।

- इस सम्बन्ध में आवश्यक जाँच तथा अनुसंधान किया जा रहा है।

xxxxxxxx